५

# वेदभाष्य के नमूने का अंक

# ग्रन्थ परिचय

महर्षि ने वेदभाष्य करने का संकल्प **संवत् १९२९ के अन्त** या **संवत् १९३० के आदि** में किया और उसके लिए प्रयत्न तभी से आरम्भ कर दिया। वेदभाष्य लिखने से पूर्व महर्षि ने उसका स्वरूप जनता में प्रकट करने के लिए दो बार '**वेदभाष्य के नमूने**' प्रकाशित करवाये थे।

**पहले नमूने** में **ऋग्वेद के प्रथम मन्त्र** (ओम् अग्निमीळे पुरोहितम्) अथवा **प्रथम पूरे सूक्त का भाष्य** प्रकाशित किया गया था। इसमें संस्कृत के साथ गुजराती और मराठी अनुवाद भी था। पहले मन्त्र के दो प्रकार के अर्थ किये थे—**भौतिक** और **पारमार्थिक**। महर्षि ने इसकी भूमिका में लिखा था कि सारे वेदों का इसी शैली में अनुवाद करूँगा। श्री पं० देवेन्द्रनाथ जी के अनुसार, इस नमूने में ऋग्वेद के प्रथम पूरे सूक्त का भाष्य था, जबकि पं० लेखराम जी के अनुसार केवल प्रथम मन्त्र का भाष्य था। प्रमाणों के अनुसार पं० देवेन्द्रनाथ जी की बात सत्य सिद्ध होती है।

**दूसरे नमूने** में **ऋग्वेद के प्रथम मण्डल का प्रथम सूक्त** और **द्वितीय सूक्त के प्रथम मन्त्र** के संस्कृत भाष्य का कुछ अंश छपा था। इसमें प्रत्येक मन्त्र के दोनों प्रकार के (भौतिक और पारमार्थिक) अर्थ दर्शाये गये थे। सायण, महीधर, उव्वट आदि के गलत भाष्यों से वेदों के विषय में अनेक भ्रान्तियाँ फैल चुकी थीं। अतः **वेदभाष्य के इस भावी स्वरूप को नमूने के तौर पर प्रस्तुत करके महर्षि लोगों के अनुकूल और प्रतिकूल दृष्टिकोण को जानना चाहते थे।** उन्होंने प्रथम नमूना काशी के पण्डित बालशास्त्री व स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती को तथा कलकत्ता के श्री के०एम० बनर्जी (बालीगंज), श्री राजेन्द्रलाल मित्र (माणिकटोला) तथा अमृतसर के श्री दयालसिंह मजीठिया एवं अन्य स्थानीय पण्डितों को भी सन् १८७५ में राजा जयकृष्णदास के द्वारा भिजवाया था, तीनों ने अपनी सम्मति क्रमशः १० दिसम्बर, ११ सितम्बर और २६ दिसम्बर १८७५ को राजा जयकृष्णदास, मुरादाबाद के पास भेज दी थी।

स्वामी विशुद्धानन्द आदि उपर्युक्त पण्डितों ने तो विरोध नहीं किया था, परन्तु द्वितीय नमूने पर कलकत्ता संस्कृत कालेज के स्थानापन्न **प्रिंसिपल श्री पं० महेशचन्द्र न्यायरत्न** और **पं० गोविन्दराय ने आक्षेप किये** और इस विषयक पुस्तकें भी छपवाई थीं। पं० शिवनारायण अग्निहोत्री ने भी इसके खण्डन में '**दयानन्द सरस्वती के वेदभाष्य का रिव्यू**' नामक पुस्तक छपवाई थी और '**रिसाले हिन्द**' में भी कुछ लेख छपवाये थे।

वेदभाष्य के ये दोनों नमूने क्रमशः **कार्तिक संवत् १९३१** में तथा **संवत् १९३३** में छापे गये थे। (सम्पादक)



# वेदभाष्य के नमूने का अंक

## ॥ वेदभाष्यम् ॥

**श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना निर्मितम्।**

**॥ संस्कृतार्यभाषाभ्यां समन्वितम् ॥**

**अस्यैकैकांकस्य प्रतिमाससमूल्यं भारतवर्षान्तर्गतदेशान्तर-प्रापणमूल्येन सहितं।=) एतद् द्वादशमासानां मिलित्वा वार्षिकं ४॥) एतावद् भवति॥**

इस ग्रन्थ के प्रतिमास एक-एक नम्बर का मूल्य भारतखण्ड के भीतर डाक महसूल सहित।=) और वार्षिक ४॥)

अस्य ग्रन्थस्य ग्रहणेच्छा यस्य भवेत् स काश्यां लाजरसकम्पन्याख्यस्य वा दयानन्दसरस्वतीस्वामिनः समीपं वार्षिकं मूल्यं प्रेषयेत् स प्रतिमासमेकं प्राप्स्यति

**इदं भाष्यं काश्यां लाजरसकम्पन्याख्यस्य यन्त्रालये मुद्रितम्**

**संवत् १९३३**

**अस्य ग्रन्थस्याधिकारो भाष्यकर्त्रा मया सर्वथा स्वाधीन एव रक्षितः॥**

॥ ओ३म् ॥

# ॥ ऋग्वेदः ॥

अष्टक १। अध्याय १। वर्ग १॥

**अस्याग्नेयसूक्तस्य**

**मधुच्छन्दा ऋषिः। अग्निर्देवता। गायत्रीच्छन्दः। षड्जः स्वरः॥**

मूलमन्त्रः– **ओ३म् अ॒ग्निमी॑ळे पु॒रोहि॑तं य॒ज्ञस्य॑ दे॒वमृ॒त्विज॑म्।**
**होता॑रं रत्न॒धात॑मम्॥ १ ॥**

पदपाठः–**अ॒ग्निम्। ई॒ळे॒। पु॒रःऽहि॑तम्। य॒ज्ञस्य॑। दे॒वम्। ऋ॒त्विज॑म्। होता॑रम्। र॒त्न॒धात॑मम्॥ १ ॥**

**॥ अथ वेदभाष्यम्॥**

**अथात्र प्रथमत ईश्वर एवार्थोऽग्निशब्देन गृह्यते॥ अत्र प्रमाणानि—**

**इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्।**
**एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः॥**

ऋग्वेद अष्टक २। अध्याय ३। वर्ग २२। मन्त्र ६॥

अस्यायमर्थः—एकस्य सतः परब्रह्मण इन्द्रादीनि बहुधा नामानि सन्तीति वेदितव्यम्॥

**तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद्वायुस्तदु चन्द्रमाः।**
**तदेव शुक्रं तद् ब्रह्म ता आपस्स प्रजापतिः॥**

यजुर्वेद अध्याय ३२। मन्त्र १॥

यत्सच्चिदानन्दादिलक्षणं ब्रह्म तदेवाग्न्यादिनामवाच्यमत्र बोध्यम्॥

**अग्निर्होता कविक्रतुः सत्यश्चित्रश्रवस्तमः। देवो देवेभिरागमत्॥**

ऋ० अ० १। अ० १। वर्ग १, मन्त्र ५॥

कविः सर्वज्ञः, सत्यः सर्वदा विनाशरहितः, अत्यन्ताश्चर्य्यश्रवणश्चेत्यादिविशेषणयुक्तो मुख्यतया परमेश्वरो भवितुमर्हति नान्यः॥

**ब्रह्म ह्यग्निः॥** शतपथ कांड १। अध्याय ५॥



**आत्मा वा अग्निः॥** श० कां० ७। अ० २॥

**अयं वा अग्निः प्रजाश्च प्रजापतिश्च॥** शं० कां० ९। अ० १॥

**संवत्सरो वा अग्निर्वैश्वानरः॥** श० कां० ६। अ० ६॥

**अग्निर्वै देवानां व्रतपतिः॥** श० कां० १। अ० १॥

अग्निर्ब्रह्मात्मनोरत्र वाचकोस्ति। प्रजाशब्देन भौतिकोग्निः प्रजापतिशब्देनात्रेश्वरो ग्राह्यः। देवानां विदुषां व्रतम्।

**एतद्ध वै देवा व्रतं चरन्ति यत्सत्यम्॥** श० कां० १। अ० १॥

सत्याचारनियमपालनं व्रतं तत्पतिरीश्वरः॥

**एष वै देवो ननु विद्वान् यदग्निः॥** श० कां० १। अ० ५॥

**तेषूभयेषु मर्त्येष्वग्निरेवाऽमृत आस॥** श० कां० २। अ० २॥

विद्यासम्भव ईश्वरोऽस्ति नैव च भौतिके तथामृतत्वं परमेश्वर एव घटते नान्यत्रेति॥

**प्राणोग्निः परमात्मेति॥** मैत्र्युपनिषदि प्रपाठकः ६। खण्डः ९॥

**एष हि खल्वात्मेशानः शम्भुर्भवो रुद्रः। प्रजापतिर्विश्वसृक् हिरण्यगर्भः सत्यं प्राणो हंसः शास्ता विष्णुर्नारायणोऽर्कः सविता धाता विधाता सम्राडिन्द्र इन्दुरिति। य एष तपत्यग्निरिवाग्निनापि हितः सहस्राक्षेण हिरणमयेनाण्डेन एष वा जिज्ञासितव्योऽन्वेष्टव्यः सर्वभूतेभ्योऽभयं दत्त्वेत्यादि॥** मैत्र्युपनिषदि प्र० ५। खं० ८॥

प्राणाग्न्यात्मेशानादीनीश्वरस्य नामान्यत्र सन्तीति बोध्यम्॥

**अग्निर्वै सर्वा देवता** इत्याद्यैतरेयब्राह्मणे पंचिका १। अध्यायः १॥ यत्रोपास्यत्वेन सर्वा देवतेत्युच्यते तत्र ब्रह्मात्मैव ग्राह्यः। आत्मैव देवताः सर्वाः। **सर्वमात्मन्यवस्थित**मिति मनुनोक्तत्वात् १२ अध्याये॥

**अग्निः कस्मादग्रणीर्भवत्यग्रं यज्ञेषु प्रणीयतेंऽगं नयति सन्नममानोऽक्नोपनो भवतीति स्थौलाष्ठीविर्न क्नोपयति न स्नेहयति, त्रिभ्य आख्यातेभ्यो जायत इति शाकपूणिरितादक्ताद्दग्धाद्वा नीतात्स खल्वेतेरकारमादत्ते गकारमनक्तेर्वा दहतेर्वा नीःपरस्तस्यैषा भवतीति॥**

निरुक्ते अध्यायः ७। खण्डः १४॥

अग्रणीः सर्वोत्तमः सर्वेषु यज्ञेषु पूर्वमीश्वरस्यैव प्रतिपादनादीश्वरस्यात्र ग्रहणम्। दग्धादिति विशेषणाद्भौतिकस्यापि च। अग्निः सर्वा देवता इति निर्वचनाय। **इन्द्रं मित्रं वरु०, एकं सद्विप्रा ब०, इममेवाग्निं महान्त-**

**मात्मानमेकमात्मानं बहुधा मेधाविनो वदन्तीन्द्रं मित्रं वरुणमग्निं दिव्यञ्च गरुत्मन्तं, दिव्यो दिविजो गरुत्मान् गरणवान् गुर्वात्मा महात्मेति वा यस्तु सूक्तं भजते यस्मै हविर्निरूप्यतेऽयमेव सोग्निर्निपातमेवैते उत्तरे ज्योतिषी एतेन नामधेयेन भजेते।** नि० अ० ७। ख० १८॥

अनेनोभयोर्ज्ञानप्रकाशवतोर्ज्योतिषोरीश्वरभौतिकाग्न्योर्ग्रहणमित्युभयार्थ-ग्रहणस्येदं प्रमाणम्।

**अग्निः पवित्रमुच्यते अग्निः पवित्रं स मां पुनातु वायुः सोमः सूर्य इन्द्रः पवित्रं ते माम्पुनन्त्वित्यपि निगमो भवति।** नि० अ० ५। खं० ६॥

**प्रशासितारं सर्वेषामणीयांसमणोरपि।**
**रुक्माभं स्वप्नधीगम्यं विद्यात्तं पुरुषं परम्॥ १॥**
**एतमेके वदन्त्यग्निं मनुमन्ये प्रजापतिम्।**
**इन्द्रमेके परे प्राणमपरे ब्रह्म शाश्वतम्॥ २॥** इति मनुस्मृतिः, अ० १२। श्लोक १२२-१२३॥

पवित्रः पवित्रकर्त्ता परमात्मास्तीत्यतः पवित्रशब्देन परमेश्वरस्यैव ग्रहणम्॥ तथापरः पुरुषोऽग्न्यादीनि च परमेश्वरस्यैवात्र नामानि सन्तीति बोध्यम्॥ इत्यादिभिः प्रमाणैरग्निशब्देन परमात्मनोत्र ग्रहणमिति सिद्धम्।

**( अग्निमीळे )** सर्वज्ञस्सर्वशक्तिमान् न्यायकारीत्यादिविशेषणयुक्तः परमेश्वरोग्निः पितृवत् पुत्रान् प्रत्युपदिशति स्म। हे जीव मनुष्यदेहधारिन्! अहं अग्निं परमात्मानं ईले स्तौमीति वदेति पूर्वान्वयः। ततो जीवोऽभिवदति सर्वज्ञं शुद्धं सनातनमजमनाद्यनन्तं सर्वव्यापकं जगदादिकारणं स्वप्रकाशं परमेश्वरमग्निमहमीले स्तौमि। तस्मादन्यमीश्वरत्वेन लेशमात्रमपि नाश्रये, कस्मै प्रयोजनाय? धर्मार्थकाममोक्षसिद्धय इति निश्चयः।

**अञ्चु गतिपूजनयोः। णीञ् प्रापणे। अगि गत्यर्थः। इण् गतौ,** इत्यादि धातुभ्योऽग्निशब्दः सिध्यति॥ अञ्चति, अच्यते, जानाति, ज्ञायते, गच्छति, गम्यते, प्राप्नोति, प्राप्यते, सत्करोति, पूजयति, सत्क्रियते, पूज्यते, नयति, प्राप्नोति, नीयते, प्राप्यते, धर्मात्मा जनो विद्वान् तथा विद्वद्भिर्धर्मात्म-भिर्मुमुक्षभिश्चेत्यादिव्याकरणनिरुक्तप्रमाणैरप्यग्निशब्देन परमेश्वरग्रहणे सुष्ठूक्तिर्गम्यते॥

कथंभूतः सोग्निः **( पुरोहितः )** सर्वस्य जगतः स्वभक्तानां च धर्मात्मनां भक्तेरारम्भात् पूर्वमेव सकलपदार्थोत्पादनेन विज्ञानादिदानेन चैनं जीवं दधाति



स पुरोहितः परमात्माग्निः। **डुधाञ् धारणपोषणयोः। अस्मात्पुरः पूर्वात् क्तप्रत्ययान्तात्पुरोहितशब्दः सिध्यति, अतएव सर्वाधारकस्सर्वपोष-कश्चेश्वर एव नान्यः॥**

**अत्राह निरुक्तकारः—पुरोहितः पुर एनं दधति होत्राय वृतः कृपायमाणोन्वध्यायद्देवश्रुत देवा एनं शृण्वन्ति वृष्टिवनिं वृष्टियाचिनं रराण रातिरभ्यस्तो बृहस्पतिर्ब्रह्मासीत् सोस्मै वाचमयच्छद् बृहदुप-व्याख्यातमिति॥** नि० अ० २। खं० १२॥

**( यज्ञस्य देवम् ) यज देवपूजासंगतिकरणदानेषु।** अस्माद्धातोर्नङ्-प्रत्ययान्ताद्यज्ञशब्दः साध्यते। अग्निहोत्राद्यश्वमेधान्तस्य क्रियासमूहजन्यस्य सर्वजगदुपकारकस्य यज्ञस्य। यद्वा परमेश्वरस्य सामर्थ्यात्सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिरुत्पन्नासीत्तत् प्रकृत्यादिपृथिव्यन्तकार्यकारणसंगत्योत्पन्न-स्यास्य जगतो यज्ञस्य। अथवा सत्संगतिकरणोत्पन्नस्य विद्यादिविज्ञानयोगा-देर्यज्ञस्य।

**यज्ञः कस्मात्प्रख्यातं यजतिकर्मेति नैरुक्ता याञ्चो भवतीति वा यजुरुन्नो भवतीति वा बहुकृष्णाजिन इत्यौपमन्यवो यजूंष्येनं नयन्तीति वा॥** निरुक्त अ० ३। खं० १७॥

देवं दातारं सुखानां द्योतकं सर्वस्य जगतः प्रकाशकं सर्वैर्विद्वद्भिः कमनीयम्। स्वभक्तानां मोदकं हर्षकरम्। शत्रूणां मनुष्याणां कामक्रोधादीनां वा विजिगीषकम्। विजेतुमिच्छन्तं देवम्।

**दिवु क्रीडाविजिगीषाव्यवहारद्युतिस्तुतिमोदमदस्वप्नकान्तिगतिषु।** अस्माद्धातोरचिप्रत्यये कृते देवशब्दः सिध्यति॥

**( ऋत्विजम् ) कृल्ल्युटो बहुलमिति** वार्त्तिकम्। **कृत्यल्युटो बहुलमि**त्यस्य भाष्येस्त्यतः कर्म्मण्यपि क्विन्। सर्वेषु ऋतुषु यजनीयं पूजार्हं यथाकालं जगद्रचकं ज्ञानादियज्ञसाधकमृत्विजम्। ऋतूपपदात् क्विन् प्रत्ययान्ताद्यजधातोरयं प्रयोगः॥

**( होतारम् )** सर्वजगते सर्वपदार्थानां दातारम्। मोक्षसमये प्राप्तमोक्षाणां जनानामादातारं ग्रहीतारम्। वर्त्तमानप्रलययोः समये सर्वस्य जगत आदातारं ग्रहीतारमाधारभूतं होतारम्॥ हु दानादनयोः। आदाने चेत्येके। अस्माद्धातोरयं शब्दः सिद्धो जायते। अदनं भक्षणं न किन्तु चराचरस्य जगतो ग्रहणं तत्कर्त्ता परमेश्वरोऽत्तेत्युच्यते॥

अत्र प्रमाणम्—**अत्ता चराचरग्रहणात्॥** इति वेदान्तशास्त्रस्य सूत्रम्। अ० १। पा० २। सू० ९॥

(**रत्नधातमम्**) रत्नानि सर्वजनै रमणीयानि प्रकृत्यादिपृथिव्यन्तानि ज्ञानहीरकसुवर्णादीनि च जीवेभ्यो दानार्थं दधातीति रत्नधाः, अतिशयेन रत्नधाः स रत्नधातमस्तं रत्नधातमम्। रत्नोपपदात् क्विबन्ताड् डुधाञ्-धातोस्तमबन्तः प्रयोगः॥

इमं मन्त्रं यास्को निरुक्तकार एवं समाचष्टे।

**अग्निमीलेऽग्निं याचामीलिरध्येषणाकर्मा पूजाकर्मा वा, पुरोहितो व्याख्यातो यज्ञश्च। देवो दानाद्वा दीपनाद्वा द्योतनाद्वा द्युस्थानो भवतीति वा यो देवः सा देवता, होतारं ह्वातारं जुहोतेर्होतेत्यौर्णवाभो रत्नधातमं रमणीयानां दातृतमम्। तस्यैषापरा भवतीति॥** नि० अ० ७। खं० १५॥

अथास्य मन्त्रस्यान्वयो लिख्यते॥ पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजं होतारं रत्नधातमं परमात्मानमग्निमहमीले स्तौमि याचामि तस्यैवाप्यन्वेषणं कुर्व इत्यन्वयः॥

## ॥ अथ संस्कृतभाष्यस्य प्राकृतभाषयार्थो लिख्यते॥

(**अग्निमीळे**) इस मंत्र का ईश्वराभिप्राय से जो अर्थ है सो प्रथम किया जाता है॥ इस मंत्र में अग्नि शब्द से परमेश्वर का ग्रहण होता है। इस के ग्रहण में **''इन्द्रं मित्रं वरुण''** इत्यादि यथालिखित प्रमाण का आधार है। सब जगत् को उत्पन्न करके, संसारस्थ पदार्थों का और परमात्मा का जिससे यथार्थ ज्ञान होता है, उस सनातन अपनी विद्या का सब जीवों के लिये आदि सृष्टि में परमात्मा ने उपदेश किया है। जैसे अपने सन्तानों को पिता उपदेश करता है, वैसे ही परम कृपालु पिता जो परमेश्वर है उसने हम सब जीवों के हित के लिए सुगमता से वेदों का उपदेश किया है। जिससे धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष और सब पदार्थों का विज्ञान और उनसे यथावत् उपकार लेवें, इसलिये अत्यन्त हित से हम लोगों को उपदेश किया है। सो हम लोग भी अत्यन्त प्रेम से इनको स्वीकार करें। अब जैसा उपदेश परमात्मा को करना है सो सब जीवों की ओर से परमेश्वर करता है कि जीव लोग जब इस वेद को पढ़ें, पढ़ावें और पाठ करें और विचारेंगे तब यथावत् कर्त्ता, क्रिया और कर्म का सम्बन्ध हो जायगा। जो सब का जाननेवाला, शुद्ध, सब विकारों से रहित, सनातन, जो सब काल में एकरस



बना रहता है, जो अज है, जिसका कभी जन्म नहीं होता, जो अनादि है, जिसका आदिकारण कोई नहीं, जो अनन्त है जिसका अन्त कोई नहीं ले सकता, जगत् में जो परिपूर्ण हो रहा है, सब जगत् का आदिकारण और जो स्वप्रकाशस्वरूप है, ऐसा जो परमेश्वर जिसका नाम अग्नि है उसकी मैं स्तुति करता हूँ। इससे भिन्न कोई दूसरा ईश्वर नहीं है, और उसको छोड़ के दूसरे का लेशमात्र भी आश्रय मैं कभी नहीं करता। किस प्रयोजन के लिये? धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इनकी सिद्ध के लिये।

**अञ्चु गतिपूजनयोः** इत्यादि धातुओं से अग्नि शब्द सिद्ध होता है। **अञ्चतीत्यादि०** जो सब को जानता है, जो सब वेदादिक शास्त्रों से जाना जाता है, जो सब में गत नाम प्राप्त हो रहा है, जो सर्वत्र प्राप्त होता है, जो सब धर्मात्माओं का सत्कार करता है, जिसका सत्कार सब विद्वान् लोग करते हैं, इस प्रकार व्याकरण निरुक्त आदि के प्रमाणों से **अग्नि** शब्द से परमेश्वर के ग्रहण में कोई भी विवाद नहीं है।

पूर्वोक्त अग्नि कैसा है कि (**पुरोहितः**) सब देहधारियों की उत्पत्ति से प्रथम ही सब जगत् और स्वभक्त धर्मात्माओं के लिये सब पदार्थों की उत्पत्ति जिसने की है और विज्ञानादि दान से जो जीवादि सब संसार का धारण और पोषण करता है इससे परमात्मा का नाम **पुरोहित** है। **पुरः**पूर्वक **क्त** प्रत्ययान्त **डुधाञ्** धातु से पुरोहित शब्द सिद्ध हुआ है। इसी से सब का धारण और पोषण करने वाला एक परमात्मा ही है। अन्य कोई भी नहीं। इस पुरोहित शब्द में पुर एनं० इत्यादि निरुक्त का भी प्रमाण है।

(**यज्ञस्य देवम्**) यज धातु से यज्ञ शब्द सिद्ध होता है। इसका यह अर्थ है कि अग्निहोत्र से लेके अश्वमेधपर्यन्त विविध क्रियाओं से जो सिद्ध होता है, जो वायु और वृष्टिजल की शुद्धि द्वारा सब जगत् को सुख देनेवाला है उसका नाम **यज्ञ** है। अथवा परमेश्वर के सामर्थ्य से सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण इन तीनों गुणों का जो एक अवस्थारूप कार्य उत्पन्न हुआ है जिसका प्रकृति, अव्यक्त और अव्याकृतादि नामों से वेदादि शास्त्रों में कथन किया है, उससे लेके पृथिवीपर्यन्त कार्यकारण संगति से उत्पन्न हुआ जो जगत्रूप यज्ञ है अथवा सत्यशास्त्र सत्यधर्माचरण सत्पुरुषों के संग से जो उत्पन्न होता है, जिसका नाम विद्या, ज्ञान और योग है, उसका भी नाम यज्ञ है। इन तीनों प्रकार के यज्ञों का जो देव है, जो सब सुखों का देने वाला, जो सब जगत् का प्रकाश करनेवाला, जो सब भक्तों को

आनन्द कराने वाला, जो अधर्म अन्यायकारी शत्रुओं का और काम क्रोधादि शत्रुओं का विजिगीषक नाम जीतने की इच्छा पूर्ण करने वाला है, इससे ईश्वर का नाम **देव** है।

**( ऋत्विजम् )** जो सब ऋतुओं में पूजने योग्य है। जो सब जगत् को रचने वाला और ज्ञानादि यज्ञ की सिद्धि को करने वाला है, इससे ईश्वर का नाम **ऋत्विज्** है। **ऋतु** शब्दपूर्वक **क्विन्** प्रत्ययान्त **यज** धातु से ऋत्विज् शब्द सिद्ध होता है॥

**( होतारम् )** जो सब जगत् के जीवों को सब पदार्थों को देनेवाला है। जो मोक्ष समय में मोक्ष को प्राप्त हुए जीवों का ग्रहण करने वाला है। तथा जो वर्त्तमान और प्रलय में सब जगत् का ग्रहण और धारण करनेवाला है, इससे परमात्मा का **होता** नाम है। **हु दानादनयोः आदाने चेत्येके।** इस धातु से **तृच्** प्रत्यय करने से होता शब्द सिद्ध हुआ है।

**( रत्नधातमम् )** जिनमें रमण करना योग्य है, जो प्रकृत्यादि पृथिवी-पर्यन्त रत्न यथा विज्ञान हीरादि जो रत्न और सुवर्णादि जो रत्न हैं, जिनके यथावत् उपयोग करने से आनन्द होता है, उन रत्नों का सब जीवों को दान के लिये जो धारण करता है, वह **रत्नधा** कहाता है और जो अतिशय से पूर्वोक्त रत्नों का धारण करने वाला है, इससे परमेश्वर का नाम **रत्नधातम** है। **रत्न**शब्दपूर्वक **क्विप्** प्रत्ययान्त **डुधाञ्** धातु से **तमप्** प्रत्यय करने से यह शब्द सिद्ध हुआ है।

इस मन्त्र की निरुक्तकार यास्कमुनि ने जिस प्रकार की व्याख्या की है सो संस्कृत में लिखी है उसको वहीं देख लेना॥

**॥ अथ द्वितीयोर्थः ॥**

**( अग्निमीळे )** अत्राग्निशब्देन भौतिकोऽग्निर्गृह्यते। रूपगुणं दाहक-मूर्ध्वगामिनं भास्वरमग्निमहमीडे। तस्य गुणानामन्वेषणं कुर्वे। कीदृशगुणोग्नि-स्तीत्याह। कलाकौशलयानचालनादिपदार्थविद्याया अग्निरेव मुख्यं कारण-मस्ति। विनाग्निनेदृगुत्तमक्रिया नैव सिध्यति। अतएव सर्वैर्विद्वद्भिः शिल्पि-भिरग्नेः स्वभावगुणा यथावदध्यन्वेषणीयाः॥ पुरा ह्यार्यैर्याश्वविद्या शीघ्रगमनहेतुः सम्यक् सम्पादितेति श्रूयते साग्निविद्यैवासीत्॥ अत्र प्रमाणानि—

**ततो देवा एतं वज्रं ददृशुः। यदश्वं तं पुरस्तादुदश्रयँस्तस्याभयेनाष्ट्रे-निवातेग्निरजायत तस्माद्यत्राग्निं मन्थिष्यन्त्स्यात्तदश्वमानेतवै ब्रूयात्स पूर्वेणोपतिष्ठते वज्रमेवैतदुच्छ्रयति तस्याभयेनाष्ट्रेनिवातेऽग्निर्जायत इति॥**

शः कां० २। अ० १॥

**वृषो अग्निरिति॥** श० कां० १। अ० ४॥

**अग्निर्वा अश्वः॥** श० कां० ३। अ० ६॥

**अश्वो ह वा एष भूत्वा देवेभ्यो यज्ञं वहति॥**

शं० कां० १। अ० ४॥

**तूर्णिर्हव्यवाडिति॥** श० कां० १। अ० ४॥

**अग्निर्वै योनिर्यज्ञस्येति॥** श० कां० १। अ० ६॥



इत्याद्यनेकप्रमाणैरश्वनाम्ना भौतिकोग्निरेवात्र गृह्यते। आशुगमनहेतुत्वा-दश्वोऽग्निर्विज्ञेयः। अयमेवाग्निर्वज्रः सर्वपदार्थोच्छेदकत्वात्स्वयमच्छे-द्यत्वाच्चाश्ववद्विमानादियानानां शीघ्रं गमयितेति विज्ञायते। वृषवद्यानानां वोढाग्निरिति च। तथाश्ववदपि। एषोऽग्निरश्वो भूत्वा देवेभ्यो विद्वद्भ्यः शिल्पविद्याविद्भ्यो मनुष्येभ्यः शिल्पविद्यासंगतं विमानादियानाख्यं यज्ञमेषोऽ-ग्निरेव वहति प्रापयतीति शेषः। अतएव तूर्णिः शीघ्रगमनहेतुः। हव्यवाड् दातुं ग्रहीतुं योग्यं शिल्पविद्यामयं यज्ञं वहति प्रापयतीत्यर्थः। इत्थं शिल्पविद्या-समूहभूतस्य यज्ञस्याग्निरेव योनिः कारणं बीजं निदानमिति शेषः॥

**( पुरोहितम् )** अतएव सोग्निः पुरोहितः पुरस्तात् विमानकलाकौशल-क्रियाप्रचालनादिगुणमेनं शिल्पविद्यामयं दधातीति पुरोहितः॥ (यज्ञस्य देवं) विविधक्रियाजातस्य शिल्पविद्यादिक्रियाजन्यबोधसंगतस्य, देवः व्यावहारिक-विद्याप्रकाशकस्तम्॥ (ऋत्विजम्) सर्वशिल्पादिव्यवहारविद्याद्योतनमर्हम्॥ (होतारम्) तद्विद्यादिगुणानां दातारमादातारं च। अतएव (रत्नधातमम्) तद्विद्यानिष्ठानां शिल्पिनां रत्नैरतिशयेन पोषकम्। तद्विद्याऽऽधारकं वा॥ अस्यान्वयस्तु पूर्ववद्वेदितव्यः॥

**चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।**
**श्रोत्राद्वायुश्च प्राणश्च मुखादग्निरजयात॥**

शुक्ल य० अ० ३१। मं० १२॥

तथा—**तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः। आकाशाद्वायुः वायोरग्निरिति०** तैत्तिरीयोपनिषदि अनुवाक १॥ इत्यादिभिः। प्रमाणैर्भौति-कोग्निरेवात्र ग्राह्यः। कुतः। उत्पत्तिस्थितिप्रलयवतां पदार्थानां संसारान्तर्गत-भावात्। परमेश्वरस्त्वेतेभ्यो विलक्षण एवातः। भौतिकाग्न्यादीनि जन्मादि-

धर्मवन्ति सन्ति कार्यत्वात्। परमेश्वरस्य जन्मादयो धर्मा न विद्यन्ते सर्वस्यादिकारणत्वात्। इति द्वितीयोर्थः॥

पूर्वेषां भाष्यकृतां सायणाचार्यादीनां ये गुणाः सन्ति ते त्वस्माभिरपि स्वीक्रियन्ते। गुणानां सर्वैः शिष्टैः स्वीकार्यत्वात्। तेषां ये दोषाः सन्ति तेऽत्र दिग्दर्शनेन खण्ड्यन्ते। रावणोवटसायणमाधवमहीधराणां दोषवद्भाष्यखण्डन-विषये यत्र यत्र समानं भाष्यं तत्र तत्रैकस्य खण्डनेनेतरेषामपि भाष्यस्य खण्डनं वेद्यम्। यत्र यत्र च विशेषस्तत्र तत्र पृथक् पृथक् खण्डनं विधास्यामि। तेनैवार्येङ्गलण्डभाषादिनिर्मितस्य व्याख्यानस्यापि खण्डनं बोध्यम्। सायणाचार्यादिभिरग्निशब्देनात्र भौतिकोऽग्निर्गृहीतः। तद्यथा। तथाग्निरपि यज्ञस्यापेक्षितं होमं सम्पादयति। यद्वा यज्ञस्य सम्बन्धिनि पूर्वभाग आहवनीय-रूपेणावस्थितम्। यद्यपीन्द्रादयस्तत्र तत्र हूयन्ते तथापि परमेश्वरस्यैवेन्द्रादि-रूपेणावस्थानादविरोधः। इत्युक्तत्वात्। इदमसमञ्जसं मुख्येश्वरार्थस्य त्यागात्। इन्द्रादिरूपधारणमपीश्वरो नैव करोति। स पर्यगाच्छुक्रमकायम्। अज एकपात् इति मन्त्रार्थविरोधात्। इन्द्रं मित्रमित्यादि प्रमाणैः सिद्धस्य परमेश्वरार्थस्य त्यागः शिष्टसम्मतो नास्ति। भौतिकाग्न्यर्थस्य विषयस्याप्यल्पोक्तत्वात्। तस्मादयमर्थोपि निर्दोषो नास्ति। इन्द्रादीनि परमेश्वरस्य सूर्यादीनां च नामानि सन्ति। तान्यैतरेयशतपथादि-ब्राह्मणनिरुक्तव्याकरणादिषु व्याख्यातानि तथा वेदेष्वपि तेषां मध्यादस्मिन् मन्त्रभाष्येपि कानिचिदिन्द्रादीनि नामानि प्रकाशितानि। अग्रे यत्र यत्र यस्य यस्य मन्त्रार्थस्य विषय आगमिष्यति तत्र तत्र खण्डनं मयोदाहरिष्यते। सायणाचार्येण तथा प्रतिपादनं नैव कृतमतस्तद्भाष्यं दोषवदस्तीति बोध्यम्। एतत्खण्डनाभ्यन्तरे डाक्तरविलसनाख्यवेदार्थयत्नादीनामपि खण्डनमागतमिति विज्ञेयम्।

कश्चिद् ब्रूयात्—सायणाचार्यादिभिर्निरुक्तादिप्रामाण्युक्तं भाष्यं विहितम्। कथं दोषवदिति॥ अत्रोच्यते। निरुक्तादिवचनानि तु लिखितानि। परन्तु तानि तद्वचनाद्विरुध्यन्त एव। तद्यथा। अग्निः कस्मादग्रणीर्भवतीत्यादि। अग्रणीः सर्वोत्तमः। अग्रं सर्वोत्तमं नयतीत्यनेन परमेश्वरस्यैव ग्रहणं भवितुमर्हति नान्यस्य। कुतः, गौणमुख्ययोर्मुख्ये कार्यसम्प्रत्ययः। इति व्याकरणन्यायेन परमेश्वरादग्रणीर्मुख्यः कश्चिदपि नास्तीत्यतो विरोध एव तद्भाष्येऽस्ति। अन्येऽपि बहवो दोषास्तत्र सन्ति, ग्रन्थभूयस्त्वान्नोल्लिख्यन्ते। एतावतैवेदृशानि पूर्वजकृतानि भाष्याण्यासन्। यानि भवन्ति भविष्यन्ति च तेषां खण्डनं तावतैव बोध्यम्। अग्रेऽग्रे यद्यदत्यन्तविरुद्धं भाष्यमस्ति तत्तदेव खण्डयिष्यामि



नान्यदिति च॥ १॥

**॥ भाषार्थ॥**

**( अग्निमीळे )** अब दूसरा अर्थ व्यवहारविद्या के अभिप्राय से प्रमाण के सहित किया जाता है। इस अर्थ से अग्नि शब्द से भौतिक अग्नि जो यह जलाने और ऊपर चलनेवाला है तथा सब पदार्थों का अलग-अलग करने और बल देनेवाला तथा जिसका रूपगुण है और मूर्तिमान् द्रव्यों का जो प्रकाशक है, ज्वालारूप उसका ग्रहण किया जाता है। मैं उस अग्नि की स्तुति करता हूँ। उसके गुण का अन्वेषण अर्थात् खोज करता हूँ। अग्नि में कौन गुण हैं और किस-किस विद्या की सिद्धि होती है? जो-जो कलाकौशल सवारी चालनादि पदार्थविद्याओं की सिद्धि करने के उत्तम गुण हैं सो-सो अग्नि से ही प्राप्त होते हैं। इससे अग्नि ही शिल्पविद्या का मुख्य कारण है। क्योंकि विना अग्नि से कोई भी उत्तम गुणवाली पदार्थविद्या सिद्ध नहीं हो सकती। इसी से पदार्थविद्या में जो विद्वान् लोग हो गये, होते हैं और होंगे, उन सबों ने पदार्थविद्या में अग्नि को ही मुख्य साधन माना है, मानते हैं और मानेंगे। इस समय में भी जो पदार्थविद्याओं को किया चाहे सो भी अग्नि के गुणों का खोज करे।

पहिले आर्य्यों ने अश्वविद्या नाम से जो विमानादि शिल्पविद्या सिद्ध की थी वह अग्निविद्या ही थी। अश्वविद्या जो अग्न्यादि पदार्थों से रसायनविद्या होती है सो शिल्पविद्या ही है। इसमें अनेक प्रमाण हैं। ''**ततो देवा एतं वज्रं ददृशुः यदश्वमित्यादि**'' शतपथादि ग्रन्थों का यथालिखित प्रमाण देख लेना। उनमें अश्व जो अग्नि है उसी का ग्रहण किया है। इस प्रकार के अनेक प्रमाणों से अश्वादिक नामों से इस भौतिक अग्नि का ही ग्रहण किया जाता है। आशु नाम शीघ्र चलाने का जो हेतु है इससे अग्नि को ही **अश्व** जानना। शिल्पविद्या यज्ञ का अग्नि ही देव है। इसी अग्नि का वज्र नाम है क्योंकि सब पदार्थों का अलग-अलग करने और प्रकाशनेवाला अग्नि ही है और वह किसी से छेदन में नहीं आता, इससे अग्नि का नाम **वज्र** है।

**वृषः।** वृषवत् बैल की नाईं सवारियों को चलाने वाला अग्नि ही है। तथा घोड़े की नाईं भी सवारियों को दौड़ानेवाला अग्नि ही है। तथा **तूर्णिः।** अग्नि को ही अत्यन्त वेगवाला सवारियों के चलाने में जानना। तथा **हव्यवाट्।** शिल्पविद्यारूप यज्ञ की प्राप्ति कराने वाला भी अग्नि

ही है॥

**( पुरोहितं )** इसीसे इस अग्नि को पुरोहित जानना। विमान, कला, कौशल, क्रिया चालनादि गुणों का धारण करनेवाला है। और सब विद्याओं का प्रथम हेतु होने से अग्नि का नाम **पुरोहित** है। **( यज्ञस्य देवं )** यज्ञ का देव अर्थात् विविध क्रियाओं से जो शिल्पविद्या बनती है उस विद्या का जो प्रकाश करनेवाला है सो **देव** है। **( ऋत्विजम् )** जो शिल्पादि सब व्यवहारों की सिद्धि करनेवाला है। **( होतारम् )** जो उस विद्या के दिव्य गुणों को देने और धारण करनेवाला है। **( रत्नधातमम् )** जो उस शिल्पविद्या के जानने वाले मनुष्यों को रत्नों से अत्यन्त सुख देनेवाला है। उसी को हम लोग शिल्पविद्या की सिद्धि के लिये ग्रहण करें।

चन्द्रमा मन से उत्पन्न हुआ है, इत्यादि शुक्ल यजुर्वेद तथा तैत्तिरीयोपनिषदादि प्रमाणों से व्यवहारविद्या में भौतिक अग्नि का ही ग्रहण करना चाहिये। क्योंकि जिन पदार्थों की उत्पत्ति और वर्त्तमान हो के पुनः प्रलय हो, उन सब पदार्थों को संसार में ही जानना चाहिये, इससे भौतिक अग्नि को ही इस अर्थ में जानना। परमेश्वर तो इन जन्मादि धर्मवाले पदार्थों से सदा अलग ही है और सब का आदिकारण है।

पूर्व जो सायणाचार्य आदि वेदभाष्य के करनेवाले हैं और जो उनके भाष्य में दोष हैं उनका खण्डन संक्षेप में दिखाया जाता है। जो रावण, उवट, सायण और महीधर वेदों के व्याख्या करनेवाले हैं इनमें से एक के खण्डन से इस प्रकार के अन्य का भी खण्डन सर्वत्र जान लेना। और जहाँ-जहाँ उनमें बड़ा दोष है उस-उस का अलग-अलग खण्डन किया जायगा। वैसे ही आर्यभाषा किंवा अन्य भाषा तथा दक्षिणभाषा अंग्रेजी भाषा में किये व्याख्यान का भी खण्डन जानना। उनका दोष संक्षेप से लिखते हैं।

इस मन्त्र के अर्थ में सायणाचार्य आदि ने भौतिक अग्नि का ही ग्रहण किया है; जिसमें होम करते हैं। इस अर्थ से भिन्न अर्थ का ग्रहण नहीं किया है। इसका खण्डन संस्कृत में लिखा है वहाँ समझ लेना। अन्यथा भाष्य बनाने वाले जितने पहले हो गये, इस समय जितने हैं वा आगे जितने होंगे, इन सब का भाष्य खण्डन के योग्य अवश्य है। क्योंकि मनुष्यों की बुद्धि विद्या विचार बल और पराक्रमादि अधिक न्यून होते ही रहते हैं। इससे विना विचार किये ग्रन्थ का प्रमाण सर्वदा नहीं रहता इसमें कुछ



आश्चर्य नहीं॥ १॥

**॥ अथ द्वितीयामृचमाह॥**

मूलमन्त्र– **अग्निः पूर्वेभिर्ऋषिभिरीड्यो नूतनैरुत।**
**स देवाँ एह वक्षति॥ २॥**

**पदपाठः–अग्निः। पूर्वेभिः। ऋषिभिः। ईड्यः। नूतनैः। उत। सः। देवान्। आ। इह। वक्षति॥ २॥**

**॥ भाष्यम्॥**

(अग्निः) अयमग्निः परमेश्वरः। (पूर्वेभिः) पूर्वैस्तथा। (नूतनैरुत) नवीनैरपि (ऋषिभिरीड्यः) मन्त्रद्रष्टृभिर्ऋषिभिस्तर्कैः प्राणैश्च सदैवेड्यः स्तुत्यो वन्द्योऽन्वेषणीयः पूज्यश्चास्ति। स जगदीश्वरः स्वकृपाकटाक्षेण (देवान्) देवान् दिव्यानीन्द्रियाणि विद्यादिदिव्यगुणान् दिव्यर्त्तून् दिव्यभोगाँश्च। (एह वक्षति) इहास्मिन् संसारे जन्मन्यात्मनि च। आवक्षति। आवहतु। आसमन्तात्प्रापयतु न इति शेषः( ) अत्र प्रमाणानि।

**प्राणा वा ऋषयो दैव्यासः॥** ऐत० पं० २। अ० ४॥

**प्राणा ऋषयः। ऋतवो वै देवाः॥** श० का० ७। अ० २॥

**अग्निः पूर्वेभिर्ऋषिभिरीड्यो नूतनैरुत। स देवाँ एह वक्षति॥ १॥**

**अग्निर्यः पूर्वैर्ऋषिभिरीडितव्यो वन्दितव्योस्माभिश्च नवतरैः स देवानिहावहत्विति। स न मन्येतायमेवाऽग्निरित्यप्येते उत्तरे ज्योतिषी अग्नी उच्येते॥** नि० अ० ७। खं० १६॥

**पुरस्तान्मनुष्या वा ऋषिषूत्क्रामत्सु देवानब्रुवन्को न ऋषिर्भविष्यतीति तेभ्य एतं तर्कमृषिं प्रायच्छन्मन्त्रार्थचिन्ताभ्यूहमभ्यूढम् इति॥**
नि० अ० १३। खं० १२॥

अयमर्थः। पूर्वेभिर्जगत्कारणस्थैर्नूतनैः कार्यशरीरस्थैर्ऋषिभिः प्राणैः सह मनुष्यैरीड्य इत्यर्थः। (अग्निर्य०) योऽग्निः परमेश्वरो भौतिको वास्ति सोऽत्र ग्राह्यः। कुतः ? स न मन्येतायमेवाग्निरित्यप्येते उत्तरे ज्योतिषी अग्नी उच्येते इत्युक्तत्वात्। परमेश्वरो विद्युदादिदिव्यश्चैतावग्नी उत्तरे ज्योतिषी अत्र ग्रहीतुं योग्ये स्तः। एवमेव तर्कैर्वेदशास्त्रादिस्थैः पूर्वेभिरस्मदादिभिरिदानीन्तनैर्नवतरैश्चैवेश्वरः स्तुत्या वन्दनेन वेद्योऽस्ति नान्यथा। **'अविज्ञाततत्त्वेर्थे कारणोपपत्तितस्तत्त्वज्ञानार्थमूहस्तर्कः'** इति गोतमाचार्येण न्याय-

शास्त्रे प्रतिपादितत्वात् मनुष्याणां तर्कैर्विना यथार्थज्ञानं नैव कदाचिद्भवत्यत उक्तमृषिभिस्तर्कैरिति॥ तथेश्वरस्य त्रिकालज्ञत्वात्। नवीनापेक्षया प्राचीनैः प्राचीनापेक्षया नवीनैश्च विद्वद्भिरीड्य इत्युक्ते सति न दोषो भवति देवस्य सर्वज्ञवाक्यत्वात्। प्रथम-मन्त्रभाष्ये निरुक्तव्याकरणादिरीत्या देवशब्दार्थ उक्तः सोऽत्र द्रष्टव्यः।

एतन्मन्त्रार्थः सायणाचार्यादिभिरन्यथोक्तः। तद्यथा—पुरातनैर्भृग्वंगिरः प्रभृतिभिः। नूतनैरुतेदानींतनैरस्माभिरपि स्तुत्यः। देवान् हविर्भुज आवक्षतीत्यन्यथेदं व्याख्यानमस्ति, तद्वद्यूरोपखण्डस्थैरत्रस्थैश्च कृतमिंगलैंडभाषायां वेदार्थयत्नादिषु च व्याख्यानमप्यसमञ्जसम्। कुतः ? ईश्वरोक्तस्यानादिभूतस्य वेदस्येदृशं व्याख्यानं क्षुद्राशयं गम्यते, तथा निरुक्तशतपथादिग्रन्थाशयविरुद्धं चातः॥ २॥

**॥ भाषार्थ॥**

**( अग्निः )** अग्नि जो परमेश्वर (पूर्वेभिर्ऋ०) प्राचीन और नवीन ऋषि जो प्राण, मन्त्रार्थ जानने वाले जो विद्वान् और तर्क हैं। अर्थात् स्थूल जगत् का कारण जो ईश्वर की सामर्थ्य प्रकृति और परमाणु रूप है, इनमें जो सूक्ष्म प्राण हैं उनका नाम **प्राचीन** है और जो प्राण सदैव निर्विकार बने रहते हैं, जो ब्रह्माण्ड को धारण करने वाले हैं उनका 'पूर्वेभिः' इस पद से ग्रहण होता है। और कार्य जो स्थूल जगत् तथा शरीर में जो प्राण हैं तथा पहिले और वर्तमान में जो विद्वान् हैं उन पूर्व हो गए विद्वानों के जो तर्क थे और आत्मा में जो तर्क हैं उनको भी 'पूर्वेभिः' तथा 'नूतनैः' इन पदों से ग्रहण करते हैं। क्योंकि ये सब शरीर के साथ ही उत्पत्ति वृद्धि और क्षय को प्राप्त होते हैं। इन दोनों प्राणों के साथ अभ्यास करने से इनके बीच ही परमेश्वर प्राप्त होता है। तथा मन्त्रार्थ जानने वाले प्राचीन और नवीन ऋषियों को भी स्तुति करने के योग्य परमेश्वर ही है। सो जगदीश्वर अपनी कृपा-कटाक्ष से शुद्ध सद्विद्यादि गुण, श्रेष्ठ इन्द्रिय, उत्तम ऋतु और सब प्रकार के जो उत्तम भोग हैं कि जिन गुणों से परमानन्द मोक्ष प्राप्त होता है, जिन इन्द्रियों से धर्माचरण, विद्या और उत्तम सुख होता है, दिव्यऋतु=जिनमें परमार्थ और व्यवहार के दोनों सुख बढ़ें। दिव्यभोग जो मोक्ष और व्यवहार में भी होते हैं, (स देवानेह वक्षति) इस संसार, इस जन्म और हमारे आत्मा में आप हम लोगों को सब प्रकार से उन सुखों को प्राप्त करो।



प्राण, तर्क और मन्त्रार्थ के जानने वाले विद्वानों को ऋषि कहते हैं। सद्विद्यादि जो दिव्यगुण और ऋतु आदि को देव कहते हैं। इसमें शतपथादि ग्रन्थों का लेख संस्कृत में लिखा है सो देख लेना।

इस मन्त्र का सायणाचार्य आदि लोगों ने अन्यथा अर्थ वर्णन किया है। इसका खण्डन भी संस्कृत में देख लेना। तद्वत् डाक्तर विलसन साहेब कृत और 'वेदार्थयत्न' में भी इस मन्त्र का अर्थ ठीक नहीं किया है। 'वेदार्थयत्न' वाले ने जो यह बात लिखी है कि यह मन्त्र लक्ष्य में रखने के योग्य है अर्थात् वेद ईश्वरकृत सनातन नहीं है। उनका ऐसा अभिप्राय देखने में आता है। सो उनकी बुद्धि के अनुसार ही है यह प्रमाणयुक्त नहीं है॥ २॥

**॥ अथ द्वितीयोर्थः॥**

प्राक्तनैर्नवीनैः प्राणैः शिल्पविद्याविद्भिस्तर्क्कैः पूर्वोक्तैर्ऋषिभिरयमेवाग्निरन्वेष्टव्यगुणोस्ति। कुतः ? सोऽयमग्निरिह पदार्थविद्यायां कलाकौशलस्य विमानादीनां यानानां दिव्यगुणानावक्षति। आवहत्वित्याकांक्ष्येत चेति॥ २॥

**॥ भाषार्थ॥**

**( अग्निः )** शिल्पविद्या के जानने तथा शिल्पविद्या को सिद्ध करने की इच्छा रखने वाले, उसको पढ़ाने और पढ़नेवाले जो ऋषि अर्थात् कारीगर लोग हैं वे अग्नि के गुणों के सुतर्कपूर्वक खोज से पदार्थविद्या को सिद्ध करते हैं और करें। क्योंकि पदार्थविद्या में कला-कौशल विमान आदि सवारियों के परमोत्तम गुणों की प्राप्ति अग्नि से ही होती है। इससे अग्नि के गुणों के खोजने में सब लोग सदा प्रयत्न करें॥२॥

**॥ अथ तृतीयमन्त्रमाह॥**

मूलमन्त्रः—**अग्निना रयिमश्नवत्पोषमेव दिवेदिवे।**
**यशसं वीरवत्तमम्॥ ३॥**

पदपाठः—**अग्निना। रयिम्। अश्नवत्। पोषम्। एव। दिवेऽदिवे। यशसम्। वीरवत्तमम्॥ ३॥**

**॥ भाष्यम्॥**

**( अग्निना )** विज्ञानानन्दस्वरूपेण दयालुना सद्धर्मानुष्ठानयोगाभ्यासपरमप्रीत्युपासनोपासितेनैवाग्निनेश्वरेण, विद्याधर्मयुक्तः सन् जीवः (रयिं) धर्ममोक्ष-

विद्याचक्रवर्त्तिराज्यारोग्यादिस्वरूपं धनम्। (अश्नवत्) प्राप्नुयात् वा नान्यथेति निश्चयः। कथं भूतं तद्धनम्? आत्ममनःशरीरेन्द्रियाणां (दिवेदिवे) प्रतिदिनं नित्यम्। (पोषमेव) पुष्टिकरमेव भवति, तथा (यशसं) यशः सत्कीर्त्तिवर्धकं शिष्टाचारादिकीर्त्तिमच्च। तथा (वीरवत्तमम्) प्रतिदिनं बुद्धिबलवीर्यशौर्य्य-धैर्य्यादिगुणयुक्ताः पुत्रबन्धुमित्रभृत्यादयो वीरा भवन्ति यस्मिन्धने तद्वीरवत्, अतिशयेन वीरवत् इति वीरवत्तमम्।

अयमाशयः—परमेश्वरोपासनेन विना स्थिरं नित्यं च सुखं कदाचित्कस्यापि नैव भवतीति। रयिरिति धननामास्ति निघण्टौ॥

सायणाचार्येण यज्ञहोमसम्बन्धमात्रेणैवेयमृग्व्याख्याता। अत्रेश्वरान्य-पदार्थविद्यात्यागात्तद्व्याख्यानं सम्यङ् नास्तीति विज्ञेयम्। तथा वेदार्थयत्न-कर्तृडाक्तरविलसनाख्यकृतमपि च तादृशमेवास्ति। अस्य स्वल्पविषयत्वात्। मुख्यार्थस्येश्वरस्य त्यागादस्पष्टार्थत्वाच्च विदुषामाह्लादकरमीदृशं व्याख्यानं नैव भवतीति दिक्॥ ३॥

**॥ भाषार्थ॥**

**( अग्निना )** अग्नि जो विज्ञान और आनन्दस्वरूप है और दया करने वाला है, सत्य धर्म का आचरण, योगाभ्यास जो समाधि का करना, परमेश्वर से अत्यन्त प्रीति और विज्ञान से जो दृढ़ विश्वास का यथावत् होना, इस प्रकार की उपासना से जो प्रसन्न होता है, उस अग्नि ईश्वर की कृपादृष्टि से सत्यविद्या और सत्यधर्माचरण से युक्त जो जीव, सो (रयिम्) जो धर्म मोक्षविद्या और चक्रवर्ति राज्यादि का होना इस धन को (अश्नवत्) प्राप्त होता है। इससे दूसरे प्रकार से नहीं। वह धन कैसा है? (पोषमेव दिवेदिवे) आत्मा, मन, शरीर और इन्द्रिय इन को नित्य पुष्टि और आनन्द कराने वाला है, तथा (यशसम्) अर्थात् दिन दिन को [नित्य] प्रति सत्कीर्ति का बढ़ाने वाला और जिस धन से शिष्टाचार और सब मनुष्यों का उपकार हो। तथा (वीरवत्तमम्) बुद्धि, बल, शरीर, पराक्रम, शूरता, धीरज आदि गुण-वाले जो हैं वे पुत्र, भाई, मित्र और भृत्यादि वीरपुरुष प्राप्त हों जिस धन से, उस धन को वीरवत् कहते हैं। और जो पूर्वोक्त गुणों से अत्यन्त युक्त हो उस धन को वीरवत्तम कहते हैं।

इसका यह अभिप्राय है कि विना परमेश्वर की उपासना से संसार में स्थिर जो सुख और मोक्ष में जो नित्य सुख उस को कोई भी प्राप्त नहीं हो सकता॥



सायणाचार्य ने अग्निमीळे आदि मन्त्रों का अग्नि में आहुति डालनामात्र प्रयोजन लिखा है। इस अर्थ में ईश्वर और होम से भिन्न अन्य पदार्थविद्या के त्याग से वह व्याख्यान अच्छा नहीं है। तथा वेदार्थयत्न में और डाक्तर विलसन साहेब का किया व्याख्यान भी वैसा ही है। तथा सायणाचार्य के व्याख्यान से इन का व्याख्यान बहुत अल्पार्थ है। क्योंकि ये सब व्याख्यान मुख्य अर्थ जो ईश्वर उन के त्याग और निश्चितार्थ नहीं होने से विद्वानों को प्रिय और साधारण को भी यथावत् उपकारक नहीं हो सकता॥ ३॥

**॥ अथ द्वितीयोर्थः॥**

भौतिकाग्निनिमित्तेन शिल्पविद्याचिकीर्षुः पुरुषः सुवर्णरत्नादि राज्यादि च पूर्वोक्तविशेषणयुक्तं रयिं धनमश्नवत् प्राप्नोतु प्राप्तुमिच्छेत्। शिल्पविद्या-यामग्नेरेव मुख्यसाधनत्वात्॥ ३॥

**॥ भाषार्थ॥**

प्रत्यक्ष जो यह अग्नि इस के विना उत्तम कारीगरी सिद्ध नहीं हो सकती। कारीगरी के विना धन और राज्य के जो उत्तम व्यवहार तथा पदार्थ हैं वे सब मनुष्यों को यथावत् प्राप्त नहीं हो सकते क्योंकि उत्तम कारीगरी के होने में अग्नि मुख्य साधन है। इस अग्नि से बिजुली आदि पदार्थों को सिद्ध करके विमानादि विद्या रच लेनी चाहिए। इससे पृथिवी, जल और आकाशमार्ग में चलने के लिए विमान आदि विद्या रचनी सब मनुष्यों को उचित है॥ ३॥

**॥ अथ चतुर्थो मन्त्रः॥**

मूलमन्त्रः—**अग्ने यं यज्ञमध्वरं विश्वतः परिभूरसि।**
**स इद्देवेषु गच्छति॥ ४॥**

पदपाठः—**अग्ने। यम्। यज्ञम्। अध्वरम्। विश्वतः। परिऽभूः। असि। सः। इत्। देवेषु। गच्छति॥ ४॥**

**॥ भाष्यम्॥**

**( अग्ने )** हे अनन्तशक्ते परमात्मन्नग्ने! त्वं **( विश्वतः )** सर्वतः। **( परिभूरसि )** व्याप्तः सन्। **( यम् )** यज्ञम् **( अध्वरम् )** अहिंसनीयमर्थात्सर्वथा रक्षयितव्यं जगद्रूपम्। **( यज्ञम् )** किं वा अग्निहोत्राद्यश्वमेधपर्यन्तं यज्ञं तथा भवत्स्तुतिप्रार्थनोपासनाख्यं च, त्वमेव पालितवानसि स एव यज्ञः परिपूर्णः

सन्निष्टफलप्रापको भवति। अस्य यज्ञस्यानुष्ठातुर्जनस्य भवानेव रक्षकोऽस्ति। **( सः )** तस्मात् स मनुष्यः। **( देवेषु )** विद्यादिदिव्यगुणेषु विद्वत्सु वा प्रवर्त्तमानः सन्। **( इत् )** सुखेनैव। **( गच्छति )** परमानन्दं प्राप्नोति नान्यथेति॥

**( इत् )** अत्र निश्चयार्थोस्ति। अयमपि मन्त्रः सायणाचार्यादिभिरन्यथा व्याख्यातः। भौतिकाग्नेर्जडत्वाद्यज्ञरक्षणं न सम्भवति सर्वव्यापकत्वं चातः॥ विश्वतः परिभूरसीत्यग्नेरीश्वरस्यैव विशेषणत्वात्। एवमेव डाक्तरविलसनाख्यकृतं वेदार्थयत्नाख्यं च व्याख्यानमस्य मन्त्रस्य सम्यङ् नास्तीति गम्यते॥ ४॥

**॥ भाषार्थ॥**

**( अग्ने )** हे परमेश्वर अग्ने! (विश्वतः परिभूरसि) सब संसार में परिपूर्ण होके (यं यज्ञमध्वरम्) रक्षा करने के योग्य यह जगत्‌रूप जो यज्ञ, अथवा अग्निहोत्र से लेके अश्वमेधपर्यन्त जो यज्ञ, तथा आप की स्तुति प्रार्थना और उपासना का यथावत् करना जो यज्ञ, इन तीन प्रकार के यज्ञ का रक्षण आप ही कर रहे हो। इस कारण से यज्ञ परिपूर्ण होके सुखरूप फल को सदा करता है। जो मनुष्य इस यज्ञ के अनुष्ठान करने वाला है उसकी भी रक्षा करने वाले आप ही हो। (स इद्देवेषु) सो मनुष्य विद्या मोक्षादि दिव्यगुणों में और श्रेष्ठ विद्वानों के संग करने में प्रवर्त्तमान होके सुखपूर्वक ही आनन्द को (गच्छति) प्राप्त होता है अन्य प्रकार से नहीं॥

इस मन्त्र को भी सायणाचार्य और डाक्तर विलसन साहेब ने तथा वेदार्थयत्नादि में अन्यथा व्याख्यान किया है। क्योंकि जड़ पदार्थ को रक्षा करने का ज्ञान ही नहीं होता और वह सर्वत्र व्यापक भी नहीं हो सकता। इससे उनका व्याख्यान ठीक नहीं॥ ४॥

**॥ अथ द्वितीयोर्थः॥**

**( अग्ने )** हे परमेश्वर! भवद्रचितगुणोयमग्निः, शिल्पक्रियामयं (यं यज्ञमध्वरं विश्वतः परिभू०ः) सर्वतो व्याप्तवानस्ति, यः परितः सर्वेषां शिल्पविद्यासाधनानामुपरि विराजमानः सन् सर्वशिल्पविद्यायाः प्रधानसाधनं वर्त्तते तमग्निं त्वं रचितवानसि। एवं तेनाग्निना निमित्तभूतेन यो मनुष्यः शिल्पविद्यां गृह्णाति (स इद्देवेषु) स एव पुरुषो दिव्येषु द्योतमानेषूत्तमेषु भोगेषु स्थिरः सन् परमानन्दं (गच्छति) प्राप्नोतीत्यर्थः॥ ४॥

**॥ भाषार्थ॥**

**( अग्ने )** जो कारीगरी क्रिया का मुख्य हेतु है। जिससे विमान आदि



यान सिद्ध होते हैं जिनसे मार्ग में शीघ्र गमन कर सकें। हे परमात्मन्! उस अग्नि को अनेक गुणयुक्त आपने ही उत्पन्न किया है। इसी अग्नि के गुणों के ज्ञान से जो मनुष्य पदार्थ-विद्या को सिद्ध करता है वही दिव्यभोगों में स्थिर होके सदैव अत्यन्त सुखी रहता है॥ ४॥

**॥ अथ पंचमी ऋक्॥**

मूलमन्त्रः– **अग्निर्होता कविक्रतुः सत्यश्चित्रश्रवस्तमः।**
**देवो देवेभिरागमत्॥ ५॥**

पदपाठः–**अग्निः। होता। कविऽक्रतुः। सत्यः। चित्रश्रवःऽतमः। देवः। देवेभिः। आ। गमत्॥ ५॥**

**॥ भाष्यम्॥**

(अग्निः) पूर्वोक्तविशेषणयुक्तः परमेश्वरोग्निः। (होता) सर्वोत्तमपदार्थानां दाता पृथिव्यादीनामादाता ग्रहीता यो धारणकर्त्तास्ति। (कविक्रतुः) कविश्चासौ क्रतुश्च स कविक्रतुः। कविः=सर्वज्ञः क्रान्तप्रज्ञः सर्वेषां जीवानां बुद्धेः क्रमिता तदग्रे न कस्यापि बुद्धिः क्रमते सर्वेषां बुद्धेः प्रभुत्वात्। क्रतुः=सर्वजगत्कर्त्ता। (सत्यः) अस्तीति सत्, सति साधुः सत्यः, सर्वदा विनाशरहितः (चित्रश्रवस्तमः) चित्रमाश्चर्यं श्रवः श्रवणं यस्य स चित्रश्रवाः। अतिशयेन चित्रश्रवाः इति चित्रश्रवस्तमः। इत्यत्रार्थप्रमाणम्—

**श्रवणायापि बहुभिर्यो न लभ्यः शृणवन्तोपि बहवो यन्न विद्युः।**
**आश्चर्यो वक्ता कुशलोस्य लब्धाश्चर्यो ज्ञाता कुशलानुशिष्टः॥**

कठोपनि० वल्ली २॥

इत्यनेनाश्चर्यश्रवणत्वं परमेश्वर एव घटते नान्यत्रेति॥

(देवः) स जगदीश्वरः सर्वजगत्प्रकाशकः। (देवेभिरागमत्) दिव्यैः सर्वज्ञपरमानन्दादिभिर्गुणैः सह, अस्माकं हृदयेऽस्मिन्संसारे च प्रकाशमागमत्, आगच्छतु। स्वसामर्थ्येन कृपया च सर्वथा प्रकाशितो भवत्विति प्रार्थ्यतेऽस्माभिः।

कविसत्यशब्दार्थो यास्केनाप्येवं व्याख्यातः—

**कविः क्रान्तदर्शनो भवति कवतेर्वा प्रसुवति भद्रमित्यादि॥**

नि० अ० १२ खं १३॥

कुङ् शब्दे, कु शब्दे, कवते, कौति वा सर्वविद्यायुक्तं वेदशास्त्रमुपदिशति

स कविरीश्वरः। प्रसुवति भद्रं भद्रैश्वर्योत्पादनदानाभ्याम्॥

**सत्यं कस्मात्सत्सु तायते सत्प्रभवं भवतीति वा इति॥**

नि० अ० १२। ख० १३॥

सत्सु गुणेषु, भागेषु, पदार्थेषु वा सन्तानयति पालयति वा सर्वान् जनान् यः। सत्प्रभ०=सत्ता ज्ञानेन योगेन धर्मेण वेदैर्वा प्रभवः प्रकटता यस्य च॥ अतः स परमेश्वर एव सत्यो भवितुमर्हति नान्यः।

अयमपि मन्त्रः सायणाचार्येण तथा तदनुसारिभिरध्यापकविलसनाख्यादिभिश्च न सम्यग्वर्णितः। कुतः? अस्य मन्त्रस्यार्थो होममात्रसम्बन्धेनैव वर्णितस्तस्मात्। एवमेव प्राकृतभाषाकृतोऽप्यर्थोऽन्यथैवास्तीति बोध्यम्॥ ५॥

**॥ भाषार्थ॥**

**( अग्निः )** पूर्वोक्त विशेषणयुक्त जो परमेश्वर है। (होता) जो सत्यविद्यादि शुभगुण और चक्रवर्ति राज्य ऐश्वर्य का देने वाला है तथा जो पृथिव्यादि लोकों का धारण करने वाला है। (कविक्रतुः) और जो सब जानने वाला है और सब की बुद्धि का अध्यक्ष है उसको **कवि** कहते हैं। जिसके सामने सबकी बुद्धि अल्प हो जाती है। क्योंकि वह सबकी बुद्धियों का प्रभु है तथा क्रतुः=जो सब जगत् का करने वाला है। (सत्यः) जिसका नाश कभी नहीं होता। (चित्रश्रवस्तमः) जिसका कथन, श्रवण और स्वरूप अत्यन्त अद्‌भुत है। (देवो देवेभिरागमत्) उस परमेश्वर की सत्यभाव से हम लोग भक्ति करते हैं वही जगदीश्वर एक अद्वितीय देव है। क्योंकि प्रकाश करने वाले जो सूर्य आदि सब लोक हैं उनका भी प्रकाशक एक वही परमेश्वर है और उसका प्रकाश करने वाला दूसरा कोई नहीं किन्तु वह तो आप ही प्रकाशित है। वह परमेश्वर जो सर्वज्ञ और परमानन्दादि दिव्य उत्तम गुण हैं उनके सह वर्त्तमान हमारे हृदय और इस संसार में कृपा करके प्रकाश को प्राप्त हो। ऐसी प्रार्थना उसकी हम लोग करते हैं जिससे वह अपनी कृपा करके जगत् के बीच में सर्वदा प्रकाशित हो।

श्रवणाया०=जिस परमेश्वर को सुनने को बहुत मनुष्य प्रवृत्त होते हैं परन्तु उनमें से जो विद्वान् सत्याचरण करने वाले हैं वे ही परमेश्वर को सुन के प्राप्त होते हैं और जो इस प्रकार के नहीं हैं, वे परमेश्वर को सुन के भी प्राप्त नहीं होते। क्योंकि इस परमेश्वर का यथार्थ उपदेश करने वाले का मिलना कठिन है। तथा ब्रह्म के जानने वाले से परमेश्वर को सुन के



जाननेवाला भी कठिन है, सो जो कुशल अत्यन्त चतुर है वही इस ब्रह्म को प्राप्त होता है। क्योंकि इसका जाननेवाला अत्यन्त अद्‌भुत है और इस कुशल पुरुष के उपदेश से भी जो इस ब्रह्म को यथावत् जानता है वह भी इस जगत् में आश्चर्यरूप ही है इस कारण से परमेश्वर को चित्रश्रवस्तम इस मन्त्र में विशेषण दिया है।

तथा सत्सु ता०=जो सत्य गुण, सत्य भोग, सत्य पदार्थ और सत्य व्यवहार हैं, इन में ही जो मनुष्य वर्त्तमान हैं उनको जो सुख में विस्तृत करता है, किंवा उनका जो पालनकर्त्ता है इससे परमेश्वर का **सत्य** नाम है। तथा सत्यप्रभवं०=जो सत्य ज्ञान, सत्य योग, सत्य धर्म और जो वेद हैं, इनसे ही जिसकी प्रकटता होती है इसलिये परमेश्वर का नाम **सत्य** है।

इस मन्त्र का भी सायणाचार्यादि, विलसन साहेब ने और 'वेदार्थयत्न' में भी अच्छी रीति से व्याख्यान नहीं किया है॥ ५॥

**॥ अथ द्वितीयोर्थः॥**

**( अग्निर्होता )** अग्निर्भौतिकोऽश्वः। होता सर्वशिल्पविद्यागुणधारकोऽस्ति। (कविः) शिल्पविद्यायाः क्रान्तदर्शनः क्रमप्रकाशकः। (क्रतुः) शिल्पविद्या क्रियते येन सोऽयं क्रतुः। (सत्यः) सति शिल्पविद्याव्यवहारे साधुर्यः स सत्योग्निः। (चित्रश्रवस्तमः) विद्युदादिस्थगुणानां चित्रमद्‌भुतं श्रवः श्रवणं यस्मिन्सः। अतिशयेन चित्रश्रवा इति चित्रश्रवस्तमः। (देवः) शिल्पविद्यादिगुणद्योतकः सोऽग्निः। (देवेभिः) शिल्पविद्याद्योतकैर्गुणैर्दिव्यैः सह वर्त्तमानो योऽग्निरस्ति सः। हे परमेश्वर! भवत्कृपया (आगमत्) अस्माभिर्ज्ञातो भवतु। येन सर्वां शिल्पविद्यां वयं लभेमहि॥५॥

**॥ भाषार्थ॥**

**( अग्निर्होता )** जिस अग्नि का नाम अश्व है और जो सब शिल्पविद्या के गुणों का धारण करनेवाला है। (कविक्रतुः) कवि=जो शिल्पविद्या का प्रकाश करनेवाला और क्रतुः=कि शिल्पविद्या जिससे की जाती है। (सत्यः) कारीगरी में जो साधु उत्तम साधन है। (चित्रश्रवस्तमः) बिजुली आदि में अत्युत्तम जो वेगादि गुण हैं वे जिसमें सुनते हैं और जिसमें अत्यन्त अद्‌भुत सामर्थ्य ईश्वर ने रक्खा है। (देवो देवभिः०) जो अग्नि वेगादि गुणों का प्रकाश करनेवाला है सो हमारे शिल्पविद्यादिव्यवहार में अत्यन्त उपकार करनेवाला आपकी कृपा से हो। जिससे शिल्पविद्या में जो दिव्यगुण उनको

हम लोग यथावत् सिद्ध करके अत्यन्त सुखी हों॥ ५॥

**इति प्रथमेऽध्याये प्रथमो वर्गः॥**

**॥ अथ षष्ठो मन्त्रः॥**

मूलमन्त्रः—**यदङ्ग दाशुषे त्वमग्ने भद्रं करिष्यसि तवेत्तत्सत्यमङ्गिरः॥ ६॥**

पदपाठः—**यत्। अङ्ग। दाशुषे। त्वम्। अग्ने। भद्रम्। करिष्यसि। तव। इत्। तत्। सत्यम्। अङ्गिरः॥ ६॥**

**॥ भाष्यम्॥**

(यदंग) हे अग्ने प्रापणीयेश्वर! हे अङ्ग सर्वमित्र! तुभ्यं सर्वपदार्थदात्रे परमेश्वराय, यो मनुष्य आत्मप्राणाद्युत्तमपदार्थान्दत्तवानस्ति, तस्मै (दाशुषे) त्वय्यत्यन्तप्रेमकारिणे मनुष्याय। (भद्रं) भजनीयं परमानन्दस्वरूपं मोक्षाख्यं कल्याणं सुखं च। (त्वमग्ने) त्वमेव। (करिष्यसि) करोषि। वेति निश्चयो नः। (तवेत्तत्स०) हे अङ्गिरः! प्राणानां रसभूतपरमेश्वरेदं सत्यं व्रतं शीलं तवैवास्ति न कस्यचिदन्यस्येति, त्वया यद्भद्रं क्रियते तदेव सत्यमविनाशिरूपमस्ति नान्यदीदृशमिति विजानीमः।

यास्काचार्येण भद्रशब्दार्थ एवं वर्णितः—

**भद्रं भगेन व्याख्यातं भजनीयं भूतानामभिद्रवणीयं भवद्रमयतीति वा भाजनवद्वा इति॥** नि० अ० ४। खं० ९।

**प्राणो वा अङ्गिरः॥** श० का० ६। अ० १॥

**आङ्गिरसो अङ्गानां हि रसः। प्राणो वा अङ्गानां रसः॥**

श० कां० १४। अ० ४॥

**यजमानो वै दाश्वान् इति॥** श० कां० ७। अ० ३॥

अयमर्थः। यत्र दुःखं लेशमात्रमपि नास्ति, यन्मुक्त्याख्यं परमसुखं सत्यमस्ति तदत्र विज्ञेयम्। परमेश्वरं यजते स यजमानो विद्यादिदानशीलः स दाश्वान्। अङ्गानां पृथिव्यादीनां सारभूतोऽन्तर्यामी परमेश्वरः सर्वस्य प्राण-भूतत्वाद्रसोऽस्तीति बोध्यम्। अतः सायणाचार्येण वेदार्थयत्नकृताध्यापकविलसनादिभिश्चायं मन्त्रो यथावन्नैव व्याख्यात इति विज्ञायते॥ ६॥

**॥ भाषार्थ॥**

(अग्ने) हे प्राप्ति होने के योग्य ईश्वर अग्ने! (अङ्ग) हे अंग, सब के परममित्र! (दाशुषे) जो मनुष्य आपको प्राण और आत्मा आदि का समर्पण करता है जो आप में अत्यन्त प्रेम करने वाला है (भद्रं) परमानन्दस्वरूप जो मोक्ष का सुख, सो उस मनुष्य को आप ही देने वाले हो (अङ्गिरः) हे प्राणों का प्राण ईश्वर! जो प्राणवत् प्रिय सुख है सो आपकी कृपा से ही होता है। क्योंकि (तवेत्तत्सत्यम्) वह आप का ही स्वभाव है जो सत्य सुखों को ही देना, यह सामर्थ्य अन्य किसी का नहीं। जो आपका दिया सुख है वही एक नित्य है, इससे दूसरा कोई ऐसा सुख नहीं॥



इसकी व्याख्या निरुक्त और शतपथ के भाष्य में लिखी है सो देख लेना। इससे यह जानना कि सायणाचार्य, 'वेदार्थयत्न' तथा डाक्तर विलसन साहेब आदि के व्याख्यान में इस मन्त्र का अर्थ ठीक नहीं किया है॥६॥

**॥ अथ सप्तमो मन्त्रः॥**

मूलमन्त्रः— **उप त्वाग्ने दिवेदिवे दोषावस्तर्धिया वयम्।**
**नमो भरन्त एमसि॥ ७॥**

पदपाठः—**उप। त्वा। अग्ने। दिवेदिवे। दोषाऽवस्तः। धिया। वयम्। नमः। भरन्तः। आ। इमसि॥ ७॥**

**॥ भाष्यम्॥**

(उप त्वाग्ने) हे अग्ने पूज्यतमेश्वर! (दिवेदिवे) प्रतिदिनं नित्यम् (धिया) बुद्ध्या। (त्वा) त्वाम्। वयं (उपैमसि) तव उप सामीप्यम् आ सर्वतः, इमः प्राप्नुमः। तथा (दोषावस्तः) अहर्निशं निरन्तरम् (भरन्तः) ज्ञानेन प्रेमभक्तिं धारयन्तः सन्तो, (वयं) त्वां (नमः) नमस्कुर्मः। यतो भवान् सद्योऽस्मान्प्राप्नुयात्। भवत्प्राप्त्या वयं सुखिनो नित्यं भवेम॥

अत्र मन्त्रव्याख्याने सायणाचार्याध्यापकविलसनादिभिर्भौतिकाग्निमात्रस्यैव गृहीतत्वात्तद्व्याख्यानमन्यथास्ति। कुतः? भौतिकाग्नेरनायासेन होममात्रे प्राप्तत्वान्नमस्करणीयाभावाच्चेति॥ ७॥

**॥ भाषार्थ॥**

(उप त्वाग्ने) हे अग्ने ईश्वर! हमको एक पूज्य आप ही हो। हम लोग (धिया) बुद्धि जो ज्ञान है इससे। (दिवेदिवे) सब दिन के लिये, आपके समीप को (त्वामुपैमसि) शरणागति को प्राप्त होते हैं। (दोषावस्तः)

तथा दिन और रात्रि में, सत्य भक्तिपूर्वक आप को (वयम्) हम लोग नित्य ही (नमो भरन्तः) नमस्कार करते हैं, जिससे कृपा करके आप हमको शीघ्र प्राप्त हों। आपकी प्राप्ति से हम लोग निरन्तर सुखी हों॥

सायण, डाक्तर विलसन और वेदार्थयत्नादि के कर्त्ताओं ने इस अर्थ को जाना भी नहीं॥ ७॥

**॥ अथ द्वितीयोऽर्थः ॥**

(उप त्वाग्ने) हे पूर्वोक्तविशेषणयुक्तेश्वराग्ने! भवन्तमुपगता नमस्कुर्वन्तः कथयन्तश्च भवन्तं नित्यं प्रार्थयामः। भवत्प्रार्थनया त्वद्रचितस्य भौतिकाग्नेः सकाशाद्वायुवृष्टिशुद्धिकरं यज्ञानुष्ठानं शिल्पविद्यामयं च प्राप्नुयाम। एतदर्थं निरन्तरं नमोऽस्तु ते॥७॥

**॥ भाषार्थ॥**

(उप त्वाग्ने) हे परमेश्वर अग्ने। हम लोग आपके शरणागत हैं। नित्य आपको नमस्कार और प्रार्थना करते हैं कि जो-जो आपने भौतिकाग्नि में गुण रक्खे हैं उन उन गुणों से हम लोग सुगन्धित आदि पदार्थों का होम करके वायु तथा वर्षा के जल की शुद्धि करें तथा शिल्पविद्या को भी प्राप्त हों। इसलिए और मोक्षादि सुख के लिये भी आपको निरन्तर नमस्कार करते हैं॥ ७॥

**॥ अथाष्टमो मंत्रः ॥**

मूलमन्त्रः— **राजन्तमध्वराणां गोपामृतस्य दीदिविम्।**
**वर्धमानं स्वे दमे॥ ८॥**

पदपाठः—**राजन्तम्। अध्वराणाम्। गोपाम्। ऋतस्य। दीदिविम्। वर्धमानम्। स्वे। दमे॥ ८॥**

**॥ भाष्यम्॥**

एमसीत्यनुवर्त्तते॥ (अध्वराणाम्) अग्निष्टोमादियज्ञानां तत्कतॄणां धर्मात्मनां मानवानां च। (गोपां) रक्षकम्। तथा (राजन्तम्) सूर्यादीनां लोकानां मध्ये योगिनामात्मनश्च मध्ये धारकान्तर्यामितया (राजन्तम्) सदा प्रकाशमानम्। (ऋतस्य दीदिविम्) सत्यविद्यामयस्य वेदचतुष्टयस्य मोक्षस्य च, (दीदिविम्) सम्यक् प्रकाशकम्। तथा (स्वे) स्वकीये (दमे) परमोत्कृष्टे पदे। (वर्धमानम्) अत्यन्तवृद्धिमन्तम्। एवंभूतं परमेश्वरमग्निं त्वां वयं



सदैवोपैमसि। भवत्परमपदमोक्षप्राप्तये परमप्रेम्णा सर्वतः सदा भवन्तं जगदीश्वरमेवाप्नुमः। यतोऽस्मिन्नेव जन्मनि भवत्कृपयाऽस्माकं निश्चितो मोक्षो भवेदिति नित्यमिच्छामः॥ ८॥

**॥ भाषार्थ॥**

**( अध्वराणां गोपाम् )** अध्वर जो अग्निष्टोम आदि यज्ञ और इन यज्ञों के करने वाले जो धर्मात्मा मनुष्य हैं उनकी जो यथावत् रक्षा करनेवाला है। तथा **( राजन्तम् )** सूर्य आदि जो लोक उनके बीच में और योगियों के आत्मा के बीच में धारण करने वाला और अन्तर्यामी रूप से प्रकाशमान है। तथा **( ऋतस्य दीदिविम् )** सत्यविद्यास्वरूप जो चारों वेद हैं उनका और मोक्ष का जो प्रकाश करनेवाला है। **( वर्धमानं स्वे दमे )** स्वे=अपना जो **दमे**=परमपद है उसमें **वर्धमानम्**=सब सामर्थ्य से युक्त होके जो सदा विराजमान है, और जो मनुष्य मोक्ष को प्राप्त होते हैं उनको अपने उस परमपद में विज्ञान और आनन्दादि गुणों से जो सदा बढ़ानेवाला है, उस परमात्मा को मोक्ष आदि सुखों की प्राप्ति के लिये **( उपैमसि )** हम लोग प्राप्त होते हैं। अर्थात् हे परमेश्वर! सत्य प्रेम भक्ति से हम लोग आपको सदा प्राप्त रहें कि आप और आपकी आज्ञा से विरुद्ध हम लोग कभी न हों। जिससे हम लोगों को आप की प्राप्ति से मोक्ष आदि सुख इसी जन्म में प्राप्त हों॥ ८॥

**॥ अथ नवमो मन्त्रः ॥**

मूलमन्त्रः— **स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव।**
**सचस्वा नः स्वस्तये॥ ९॥**

पदपाठः—**सः। नः। पिताऽइव। सूनवे। अग्ने। सुऽउपायनः। भव। सचस्व। नः। स्वस्तये॥ ९॥**

**॥ भाष्यम्॥**

(सः) यः। अग्निमीडे पुरोहितमित्यादिमन्त्रेषु पुरोहितादिविशेषणैः प्रतिपादितोऽग्निसंज्ञः परमेश्वरः सोऽत्र गृह्यते। (अग्ने) हे परमात्मन्! (सूपायनः) स्वकृपया सुखेनैव प्राप्तस्त्वं भव। तथा हे परमेश्वराभिधाग्ने! (नः) (स्वस्तये) ऐहिकपारमार्थिकसुखायास्मान् स्वकृपया। (सचस्व) समवेतान् कुरु। अर्थात् तत्सुखेन सह वर्त्तमानानस्मान् सदा कुरु। एवं

तत्सुखस्य यथावत् सिध्द्यर्थं सचस्व त्वं नित्यं समवेतः कृपयानुकूलो भव। कस्मै क इव (पितेन सूनवे) यथा स्वसन्तानाय स्वप्रजायै अत्यन्तप्रेम्णानुकम्पयमानः सन्तानसुखाय प्रवर्त्तमानः पिता इव। कुतः? भवानेवास्माकं पितास्त्यतः।

वर्गद्वयस्थैर्नवभिर्मन्त्रैरग्निहोत्राद्यश्वमेधपर्यन्तेषु वायुवृष्टिजलशुद्धिप्रयोजनेषु यज्ञेषु युक्तिप्रमाणसिद्धानां कर्मणामनुष्ठानं कर्तुं योग्यमस्ति, परन्तु सूत्रब्राह्मणग्रन्थेषु यादृशो विनियोगः प्रतिपादितः सोऽप्यत्र तदुक्तरीत्या कार्यः॥ ९॥

**॥ भाषार्थ॥**

(सः) अग्निमीळे इत्यादि आठ मंत्रों में पुरोहित आदि जिन विशेषणों से जिस परमेश्वर का कथन किया है, उसी का 'सः' शब्द से ग्रहण होता है। (अग्ने) हे परमेश्वर अग्ने! अपनी कृपा से ही (नः) हमको प्राप्त हो। तथा (सूपायनः) इस लोक और परलोक के सुख के लिये। (नः) हमको (सचस्व) संयुक्त कर। तथा आप भी हमारे सहायकारी नित्य रहो। तथा (स्वस्तये) सद्विद्यादि शुभगुणों में मोक्ष आदि सुख के लिये हमको सदा युक्त कर। जिससे स्वस्ति जो परम सुख सो सदा हमको प्राप्त हो। जैसे पिता अत्यन्त प्रेम से अपने सन्तानों को सुख देता है वैसे ही आप हमको पुरुषार्थ से आनन्दयुक्त करके नित्य पालन करो। क्योंकि आप ही हम लोगों के पिता हो। इससे हमको सुख देनेवाले एक आप ही हो॥ ९॥

**इति प्रथमाष्टकस्य प्रथमेऽध्याये द्वितीयो वर्गः॥**

**प्रथमं सूक्तं समाप्तम्॥**